हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

11 लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में आरईडी के...



12 व्यायामशाला ने देश को दिए कई अंतरराष्ट्रीय...



### प्रॉपर्टी डीलर का ऑफिस, डीपीसी, सीवरेज व रोड नेटवर्क ध्वस्त किया

# बराही रोड व विकास नगर की दो अवैध कॉलोनियों में चलाया पंजा

पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कार्रवाई में किसी तरह की अड़चन उत्पन्न नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अवैध कॉलोनियों में डीटीपी की ओर से तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को लाइनपार में बराही रोड व विकास नगर में दो अवैध कॉलोनियों में पंजा चलाया गया। प्रॉपर्टी डीलर के आफिस, सीवर लाइन सहित रोड नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया।

पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कार्रवाई में किसी तरह की अड़चन उत्पन्न नहीं हुई। विभाग को सूचना मिली थी कि लाइनपार में अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। इस अवसर पर डीटीपी ने कार्रवाई की योजना बनाई।

▶▶ *विभाग को सूचना मिली थी कि लाइनपार में अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। इस पर डीटीपी ने कार्रवाई की योजना बनाई। शुक्रवार को टीम ने पुलिस बल के साथ दस्तक दी।*



बहादुरगढ़। अवैध कॉलोनी में एक निर्माण को गिराती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

**आम नागरिकों को भी जागरूक होने की जरूरत**

शुक्रवार को टीम ने पुलिस बल के साथ दस्तक दी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में विकास नगर में करीब साढ़े पांच एकड़ में काटी जा रही कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर का आफिस, 15 डीपीसी व कच्चे रोड नेटवर्क को उखाड़ दिया गया। वहीं लाइनपार में ही बराही रोड पर एक एकड़ में काटी जा रही अवैध कॉलोनी में भी कार्रवाई करते हुए सीवरेज नेटवर्क व कच्चे रास्ते को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों में आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों को भी जागरूक होने की जरूरत है।

### रोहतक जिले के व्यक्ति को जबरन ले गए बादली

# साले ने दोस्तों के साथ मिलकर जीजा को निवस्त्र कर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोहतक जिले के एक व्यक्ति को बहादुरगढ़ से जबरन बादली के खेतों में ले जाया गया और वहां निवस्त्र कर बेरहमी से मारपीट की। तार से गला घोंटने का भी प्रयास किया गया। पीड़ित ने जैसे तैसे हमलावरों के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने अपने साले और उसके दोस्तों पर ये गंभीर आरोप लगाए हैं। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपों और वारदातों की वजह जांच का विषय है।

**आरोपों और वारदात की वजह जांच का विषय**

पुलिस को दी शिकायत में रोहतक जिले के गिझी गांव के निवासी व्यक्ति का कहना है कि गत एक दिसंबर को वह बहादुरगढ़ में किसी काम के सिलसिले में गया था। इसी दौरान मेरे साले रवि का फोन आया और बोला कि आपसे मिलना है। उसने लोकेशन मांगी तो मैंने दे दी। इसके बाद रवि और उसके कुछ दोस्त यहां झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर फ्लाईओवर के नीचे आ गए। आते ही उन्होंने मेरे साथ मारपीट की और जबरन बादली बाईपास पर लगते खेतों में ले गए। वहां भी बेरहमी से मारपीट कर और निवस्त्र कर दिया। जबरन मुंह में बोतल डालकर शराब पिलाई और तार से गला घोंटने का प्रयास किया। मारपीट के बाद उन्होंने मुझे कपड़े पहनाए और एक वाइन शॉप पर ले गए। इसी दौरान मौका पाकर मैं वहां से भाग गया और लिफ्ट लेकर बहादुरगढ़ में अपनी बुआ के पास आया। बुआ ने अस्पताल में भर्ती कराया। अब छुट्टी मिलने पर शिकायत दी है। वहीं, बादली थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मेंटीनेंस कार्य के चलते बिजली रहेगी बाधित

**झज्जर।** शनिवार को सांपला रोड स्थित 33केवी पावर हाउस पर मेंटीनेंस कार्य के चलते शनिवार को सुबह नौ बजे से बारह बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बाधित रहेगी। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। मेंटीनेंस कार्य के दौरान बाधित रहने वाले शहरी क्षेत्र में सेक्टर-9, नीमवाली कालोनी, रामपुरा रोड, बुद्धो माता मंदिर, जयहिंद कालोनी, माता गेट, हरिपुरा मौहल्ला, बहादुरगढ़ रोड, छारा चुंगी, रिवाला गेट, रमेश गैस एजेंसी, बेरी गेट, अंबेडकर चौक, मेन बाजार व डाकघर का नजदीकी क्षेत्र शामिल है।

### डीघल गांव में लीगल सर्विस कैंप आज

**झज्जर।** एडीसी जगनिवास ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांव डीघल में शनिवार को लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में परिवार पहचान पत्र से जुड़े 20 बिंदुओं संबंधी त्रुटियों को दूर किया जाएगा। इसके लिए क्रीड विभाग की टीम कैंप में मौजूद रहेगी। उन्होंने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा व मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

### सेठों वाली धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

**झज्जर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार को अंबेडकर चौक स्थित सेठों वाली धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिषद के नगर मंत्री राहुल जांगड़ा ने बताया कि जीवन ज्योति अस्पताल बहादुरगढ़ की चिकित्सकीय टीम सेवाएं देंगी।

### नवीन बने भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**बहादुरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता नवीन जून को युवा मोर्चा हरियाणा का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए नवीन जून ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने जिस भरोसे के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं की आवाज को सशक्त रूप से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। भाजपा सरकार किसान, जवान, युवाओं तथा मजदूर वर्ग सहित हर समुदाय के हित में नीतियां लागू कर रही है।



# रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, जल्द समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को गांव चमनपुरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने ग्रामीणों की समस्याओं के साथ-साथ गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। इस दौरान ग्राम सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत की ओर से मांग पत्र भी रखा।

डीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार का यह संकल्प है कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और उसकी समस्याओं को समझे। उन्होंने कहा कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिनका स्थानीय स्तर पर समाधान संभव होता है,ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जो शिकायतें दर्ज हुई हैं उनका प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने युवाओं से पौधा रोपण अभियान चलाने, नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गांव चमनपुरा के अलावा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे सड़क, जल निकासी,फसल बीमा, बिजली,पशु चिकित्सा केंद्र की स्थिति आदि पर खुलकर चर्चा की। डीसी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान कराया।



झज्जर। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

# रविवार तक मांगें नहीं मानने पर बाधित की जाएंगी पेयजल सप्लाई व सीवरेज सेवाएं

*कनिष्ठ अभियंताओं की अनिश्चिकालीन हड़ताल जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में चल रही कनिष्ठ अभियंताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को ग्यारहवें दिन भी जारी रही। हड़ताल पर बैठे कनिष्ठ अभियंता अपने साथी जेई पर की गई चार्जशीट की कार्रवाई से नाराज हैं। कर्मचारियों का कहना है कि विभाग द्वारा बगैर किसी ठोस आधार के चार्जशीट जारी की गई है, जिसके विरोध में कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

वे इसी मुद्दे को लेकर अगस्त माह में भी धरना दे चुके हैं, उस समय विभागीय अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। वे इस संबंध में डीसी को ज्ञापन सौंप कर भी रोष जता चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। कनिष्ठ अभियंताओं ने चेतावनी दी कि यदि रविवार तक विभागीय अधिकारियों ने उनकी मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया, तो वे शहर की पानी सप्लाई और सीवरेज सेवाओं को रोकने पर विवश होंगे। जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।





झज्जर। हड़ताल पर विभाग अधिकारियों के खिलाफ नारे लगाते हुए कनिष्ठ अभियंता। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर अमित मेहरा, मंदीप मलिक, जसवंत, त्रिलोक, अमित सिंघल, विजय, प्रवीण, अमित, राहुल, अजय, जयदीप, कपिल, जलदीप आदि उपस्थित रहे।*

# टायर फटने से मछली से लोड पिकअप पलटी, दो घायल

*जसोरखेड़ी से केएमपी के रास्ते रेवाड़ी जा रही थी गाड़ी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर गांव डाबोदा के निकट टायर फटने से मछलियों से भरी एक पिकअप गाड़ी पलट गई। इस हादसे में गाड़ी में मौजूद दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह जसोरखेड़ी से एक पिकअप गाड़ी रेवाड़ी के लिए चली। इस गाड़ी में मछलियां भरी थी। केएमपी पर जब गांव डाबोदा के निकट पहुंचे तो एकाएक गाड़ी का टायर फट गया। इस वजह से गाड़ियां पलट गई। गाड़ी में ड्राइवर समेत चार लोग सवार थे। इनमें पीछे बैठे मेवात के निवासी शाहिद और तफजुल घायल हो गए। सड़क पर मछलियां बिखर गई। राहगीरों ने घायलों को संभाला और नागरिक अस्पताल में लेकर गए। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तथा क्षतिग्रस्त व्हीकल को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। इसके बाद अस्पताल में पहुंचकर घायलों के बयान लिए।





बहादुरगढ़। केएमपी पर पलटी पिकअप गाड़ी व एंबुलेंस में मौजूद दोनों घायल। फोटो : हरिभूमि

### बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** एचएसआईआईडीसी सेक्टर 16 में बस की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी शिकायत पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान शिवनारायण के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में खरमाण के निवासी शिवनारायण ने कहा है कि वह कसार रोड स्थित सोमानी कंपनी में काम करता है। रात की ड्यूटी समाप्त कर वह सुबह बाइक पर सवार होकर अपने घर के लिए चल दिया। जब योकोहामा कंपनी के पास पहुंचा तो एक ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में मुझे काफी चोट आई। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यह हादसा बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ। उधर, सेक्टर 6 थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# खिलाड़ियों की मौत पर राठी ने सरकार को घेरा

*भूपेंद्र राठी ने कहा, खिलाड़ियों की मौतों ने सरकार के दावों की पोल खोली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं देने के दावे तो करती है, लेकिन मैदान पर सुविधाओं की कमी से खिलाड़ियों की प्रतिभा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि खराब उपकरणों और अव्यवस्था के कारण हाल ही में दो खिलाड़ियों की मौत सरकार के दावों की हकीकत उजागर करती है।



राठी ने बताया कि खिलाड़ियों के पास न उचित प्रैक्टिस स्थल है और न ही आवश्यक सामान, जबकि सरकार खेलों पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती है। यह बजट खिलाड़ियों की सुविधाओं पर खर्च होने की बजाय भ्रष्टाचार में गायब हो जाता है। उन्होंने बहादुरगढ़ के बॉस्केट खिलाड़ी अमन का मामला उठाते हुए कहा कि अमन के परिजन आज भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं और प्रशासन सुनवाई नहीं कर रहा। राठी ने सरकार से दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि खेल विभाग ने स्टेडियम की जिम्मेदारी से हटने की कोशिश की, जबकि अब शिक्षा विभाग ने व्यायामशाला कक्ष और सीढ़ियों को हटाने के साथ आमजन के प्रवेश पर आपत्ति जताई है।



झज्जर। पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाते हुए परिजन। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा शव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए में बस स्टैंड पर मिले प्रवासी मजदूर के शव मामले में शुक्रवार को पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मृतक के पिता गंगासहाय के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि वीरवार की सुबह प्रवासी मजदूर का शव दादरी तोए के बस स्टैंड मिला था। इसके बाद पुलिस द्वारा मृतक की पहचान यूपी के गांव प्रतापुर जिला संभल निवासी करीब 26 वर्षीय होरीलाल पुत्र गंगा सहाय के तौर पर की गई थी। देर शाम होने के चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था।

### सेक्टर-6 में गिरा स्ट्रीट लाइट का पोल

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 की मार्केट में स्ट्रीट लाइट पोल अचानक गिर गया। गनीमत रही कि कोई राहगीर चपेट में नहीं आया। मार्केट में ट्रैफिक थाने के पीछे यह घटना हुई। दरअसल, पोल जर्जर हालत में था। समय पर ध्यान न दिए जाने के कारण गिर गया। इस घटना पर लोगों ने भी चिंता तथा नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि शहर में कई जगह बिजली, स्ट्रीट लाइट के पोल जर्जर हालत में है। समय समय पर इन खंभों की जांच होनी चाहिए। पुराने व जर्जर हो चुके खंभों को बदला जाए ताकि हादसे की आशंका कम हो।

### चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया

# धुंध में हादसों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही पुलिस


*यातायात नियम केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा ढाल: उप-निरीक्षक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सर्दियों में कोहरे और अंधेरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। विशेषकर हाइवे, एक्सप्रेस वे पर अधिक खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में केएमपी थाना प्रबंधक नरेश कुमार की अगुवाई में केएमपी एक्सप्रेसवे पर चल रहे वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य रात के समय कम दृश्यता के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखना है। रिफ्लेक्टर टेप वाहनों को दूर से ही दिखाई देने योग्य बनाते हैं, जिससे सड़क पर आने-जाने वाले चालक सतर्क हो सकें।

अभियान के दौरान उप-निरीक्षक नरेश कुमार ने चालकों से संवाद कर उन्हें ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियम केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा ढाल हैं। उन्होंने नेशनल हाईवे पर ओवरस्पीडिंग से बचने, लेन अनुशासन अपनाने, सुरक्षित ओवरटेकिंग, सीट बेल्ट और हेलमेट के उपयोग जैसे नियमों की विस्तृत जानकारी दी।





बहादुरगढ़। एक ट्रक पर टेप लगाते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

**सुरक्षित और सतर्क होकर वाहन चलाए**

उप-निरीक्षक ने बताया कि नियम तोड़ने की कीमत सिर्फ जुर्माना नहीं बल्कि जान-माल का जोखिम भी है, इसलिए हर चालक की जिम्मेदारी है कि वह सुरक्षित और सतर्क होकर वाहन चलाए। अभियान के अंत में पुलिस टीम ने लोगों से सुरक्षित यातायात का संकल्प करवाया और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।


डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनाी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

## टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।




# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नज़रअंदाज़ करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे में घायल युवक के बयान पर गत 4 दिसंबर को केस दर्ज किया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए बालावास निवासी विजय सतबीर को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले वाहन को भी कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष पुलिस शिकायत में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, परंतु सहमति नहीं बनी। इसके बाद पुलिस ने 15 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने साल्हावास निवासी देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### सट्टा खाईवाली करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना एरिया में सट्टा खाईवाली करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शास्त्री नगर निवासीनवदीप सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर मौके पर भेज दिया। उसके बाद आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की राशि और पर्चियां बरामद हुई हैं। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी किए काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 4 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद सेक्टर-6 निवासी चिराग, मोहल्ला खलियावास निवासी सचिन और सेक्टर-4 निवासी संजू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### कार की टक्कर लगने से दो भाई घायल

**कुंड।** हरजीपुर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल हो गया। पुलिस बयान में राजस्थान के रायसराना निवासी विनोद ने बताया कि वह और उसका भाई विजय बाइक लेकर गांव से रेवाड़ी की ओर जा रहे थे। हरजीपुर के पास एक कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों घायल हो गए। प्राइवेट साधन से वह अस्पताल पहुंचे। उसके भाई को हादसे में ज्यादा चोटें आई हैं।

### मेंटेनेंस को लेकर आज बिजली रहेगी बाधित

**कोसली।** कोसली के 132 केवी पावर हाउस में ट्रांसफार्मर के वार्षिक रखरखाव कार्य के कारण 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

---

*स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया*

# लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में आरईडी के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** मेडल विजेता प्रियांशु डबास व प्रसन्न। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को मातनहेल में आयोजित खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में आरईडी स्कूल छुछकवास के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में मातनहेल खंड के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में अक्षित अहलावत, डिबेट प्रतियोगिता में सारिका व जिया तथा क्विज में आयुष मलिक, गर्व कादियान व लक्की की टीम प्रथम रही। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में छात्रा प्रतिष्ठा व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में छात्रा खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### संस्कारम यूनिवर्सिटी के दो खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**झज्जर।** राजस्थान के भरतपुर में आयोजित पांचवीं खेलो इंडिया इंटरव्यू यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों ने संस्कारम यूनिवर्सिटी पाटौदा की ओर से भाग लेते हुए बॉक्सिंग स्पर्धा में पदक हासिल किए। विजेता खिलाड़ियों में शामिल प्रियांशु डबास ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक तथा प्रसन्न ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# तलाव में बढ़ते कदम बदलाव की ओर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के गांव तलाव में बढ़ते कदम बदलाव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था सदस्यों ने गांव व सरकारी स्कूल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए उच्च शिक्षा के लिए लड़कियों को आने वाली परेशानी से अवगत कराया। नाटक में एक बेटी की कहानी दिखाई, जिसमें वह उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहती है लेकिन उसके पिता नहीं मानते। बाद में एसएमसी सदस्यों के माध्यम से वह अपने पिता को पढ़ाई का महत्व समझाने में सफल होती है। नाटक में शामिल ब्रेकथ्रू संस्था सदस्या ममता और अनुराधा ने लोगों में संदेश दिया कि इस बदलाव के लिए किसी न किसी को पहल करनी पड़ेगी।



**झज्जर।** स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

# विद्यार्थियों को दी गुड और बैड टच की जानकारी

*डायरेक्टर सीजू गहलावत व प्राचार्य जेपी यादव ने की कार्यक्रम की सराहना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आदर्श स्कूल दादनपुर में एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन कर तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच बारे समझाया गया। कार्यशाला में वाइस प्रिंसिपल सुनील कुमारी, कोर्डिनेटर रिंकी, वंदना, मनीषा और मोना ने विद्यार्थियों को शरीर की सुरक्षा, व्यक्तिगत सीमाएं, सुरक्षित असुरक्षित स्पर्श की पहचान तथा किसी भी समस्या की स्थिति में विश्वसनीय वयस्क से संवाद की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय की डायरेक्टर सीजू गहलावत तथा प्राचार्य जेपी यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जागरुकता बच्चों में आत्मविश्वास, सुरक्षा-बोध और सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करती है।



**झज्जर।** चित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुड और बैड टच के बारे में जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### वीर शहीद कर्ण सिंह का प्रतिमा अनावरण समारोह कल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव डावला के अमर शहीद कर्ण सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह रविवार को किया जाएगा। प्रातः ग्यारह बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इनके अलावा भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व डॉक्टर स्वदेश कबीर को भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ग्रामवासियों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शहीद कर्ण सिंह की वीरता और बलिदान को समर्पित होगा।



अमर शहीद कर्ण सिंह

---

# डीसी ने योग एवं व्यायामशालाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा की

*जिले में चरणबद्ध तरीके से अभी तक कुल 132 योग एवं व्यायामशालाएं मंजूर हो चुकी*



**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिलाभर में निर्मित की जा रही योग एवं व्यायामशालाओं के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में नागरिकों बेहतर खेल सुविधाएं देने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार ने गांवों में योग एवं व्यायामशालाएं बनाने का निर्णय लिया था।

### निर्माण पर लगभग 38 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च हो रही

जिले में चरणबद्ध तरीके से अभी तक कुल 132 योग एवं व्यायामशालाएं मंजूर हो चुकी हैं। इनमें से 113 का कार्य पूरा कर आयुष विभाग को सौंप दिया गया है। उन्होंने आयुष विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि आप योग एवं व्यायामशालाओं का बेहतर तरीके से रखरखाव करें और ग्रामीणों को इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने पंचायती राज विभाग को बकाया योग एवं व्यायामशालों के निर्माण कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इन मंजूर 132 योग एवं व्यायामशालों के निर्माण पर लगभग 38 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च हो रही है।

---

# जागरुकता शिविर में बैंक उपभोक्ताओं को दी अनक्लेम्ड राशि के भुगतान संबंधी जानकारी

- आरबीआई द्वारा चलाए गए इस अभियान में 10885 खाता धारकों के बैंक खातों को किया जा चुका है एक्टिवेट




**झज्जर।** शिविर में उपस्थित बैंक उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए एडीसी जगनिवास। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा आपकी पूंजी-आपका अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को पुरानी तहसील रोड स्थित रेडक्रॉस भवन में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एडीसी जगनिवास ने की जबकि एसएलबीसी व मंडल कार्यालय से सहायक महाप्रबंधक चंद्रप्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित बैंक उपभोक्ताओं को अग्रणी जिला प्रबंधक विजय सिंह ने अनक्लेम्ड राशि के भुगतान बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरबीआई द्वारा चलाए गए इस अभियान के दौरान अभी तक 10885 खाता धारकों के करीब 2 करोड़ 37 लाख रुपये के बैंक खातों को एक्टिवेट किया जा चुका है। शिविर के दौरान एडीसी जगनिवास द्वारा 35 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी उपभोक्ताओं को शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर पीएनबी आरसेटी के निदेशक उमेश कुमार भूकर ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर आशीष रोहिल्ला, सतपाल सिंह, आशीष शर्मा, कुसुम और शशी कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

---



**झज्जर।** बैठक के उपरांत उपस्थित युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज में आयोजित यूथ मॉक पार्लियामेंट में 14 जिलों के युवा लेंगे भाग

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव गिरावड़ स्थित वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा यूथ मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम आगामी नौ दिसंवबर को आयोजित किया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक आदित्य धनखड़ ने बताया कि यूथ मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में प्रदेश के 14 जिलों के भाजपा युवा मोर्चा के युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम में युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली सहित शिरकत करेंगे।

### विदेशी विषय पर बहस होगी

युवाओं को देश की लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत संसद की कार्यवाही की मॉक पार्लियामेंट होगी। मॉक पार्लियामेंट में आत्मनिर्भर भारत में स्वदेशी का महत्व, स्वदेशी बनाम विदेशी विषय पर विस्तार से बहस होगी। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम का संचालन करेंगे। नौ दिसंबर को झज्जर में चौदह जिलों के और दस नवंबर को जींद में बाकी जिलों के युवा कार्यकर्ता मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में भागीदार होंगे।

---

**एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में प्रतियोगिता का आयोजन**

# कविता वाचन में ऋषि व भाषण प्रतियोगिता में हिमांशी प्रथम

*एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने प्रतियोगिता के सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच हिंदी कविता वाचन और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लो और मिडिल हेड अनिता यादव ने निभाई। हिंदी अध्यापिका सुनीता जाखड़ और बीना शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया। हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता में ऋषि ने सबसे सुंदर कविता सुनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अक्षत द्वितीय व प्रज्ञा तृतीय रहे। इनके अलावा नैंसी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। आठवीं कक्षा की हिंदी भाषण प्रतियोगिता में छात्रा हिमांशी को प्रथम, हिमानी को द्वितीय व प्रीत को तृतीय स्थान मिला, जबकि सारिका को सांत्वना पुरस्कार मिला। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने प्रतियोगिता के सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

अपने-अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सहगामी क्रियाएं बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक हैं। कहानी, कविता और भाषण से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है।



**झज्जर।** अध्यापिकाओं के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

### डीसी ने निर्धारित समय में समस्याओं के समाधान की एक्शन टेकन रिपोर्ट देने के दिए निर्देश




**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने समाधान शिविर, रात्रि ठहराव व अन्य माध्यमों से शासन-प्रशासन को प्राप्त शिकायतों के समाधान की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि संबंधित विभाग अपने क्षेत्र के एसडीएम को तय समय सीमा में समाधान की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग मानवीय अप्रोच के साथ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें। नागरिकों को तत्परता से राहत मिलने पर शासन-प्रशासन के प्रति उनका विश्वास बढ़ता है। यह विश्वास बढ़ाना प्रशासन की जिम्मेदारी होती है।

## खबर संक्षेप



झज्जर। एडीजीपी डॉक्टर राजश्री सिंह को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए डीसीपी जसलीन कौर। फोटो : हरिभूमि

### एडीजीपी पद पर पदोन्नत होने पर किया स्वागत

**झज्जर।** शुक्रवार को एडीजीपी रैंक पर पदोन्नत होने पर डॉक्टर राजश्री सिंह का कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। डीसीपी हैड क्वाटर जसलीन कौर, डीसीपी क्राइम अमित दहिया सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। एडीजीपी डॉक्टर राजश्री सिंह सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरी टीम की लग्न, निष्ठा और अनुशासित कार्यशैली का परिणाम है।

### व्याख्यान में युवाओं को सेवाभाव का आह्वान

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के उपलक्ष्य में विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि स्वयंसेवा सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक परिवर्तन का मजबूत माध्यम है। यह लोगों की सोच और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक सतत मानव विकास और वैश्विक शांति की दिशा में परिवर्तनकारी भागीदार बनते हैं।

सहायक प्रोफेसर सुनीता रानी ने स्वयंसेविकाओं के योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिवस विश्वभर में सतत विकास में स्वयंसेवकों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से स्वेच्छा से सामाजिक कार्यों में भागीदारी का आह्वान किया और कहा कि स्वयंसेवक दया, करुणा और सेवा के प्रतीक हैं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस और वाईआरसी इकाई द्वारा किया गया।

### सुविधाओं और खेल संसाधनों को बेहतर करने की मांग

# व्यायामशाला ने देश को दिए कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान





बहादुरगढ़। व्यायामशाला के हॉल में अभ्यास करते युवा पहलवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में चल रही जिस व्यायामशाला को विस्थापित करने की बात चल रही है, उसने विश्व स्तर पर मेडल जीतने वाले कई पहलवान देश को दिए हैं। खेल प्रेमियों ने व्यायाम शाला हटाने के बजाय बेहतर सुविधाओं के साथ चलाने तथा अन्य खेल संसाधनों को बेहतर करने की मांग उठाई है।

■ **एसएमसी की बैठक में व्यायामशाला को विस्थापित करने का निर्णय लिया**

करीब 23 साल पहले यह व्यायामशाला स्टेडियम में बनाई गई थी। इस व्यायामशाला से निकले कई पहलवानों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। अब भी करीब 50 पहलवान यहां मिट्टी और मैट पर अभ्यास करते हैं। वीरवार को हुई एसएमसी की बैठक में कई निर्णय लिए गए, जिसमें एक निर्णय इस व्यायामशाला को विस्थापित करने का भी रहा। इसके लिए ये हवाला दिया कि शिक्षा विभाग की मंजूरी के बिना यह चल रही है और इसका भवन जर्जर हो चुका है। लिहाजा सुरक्षा की दृष्टि से इसे यहां से शिफ्ट करना वक्त की जरूरत है।

#### अमन की मौत ने सबको झकझोर दिया

विभाग और अखाड़े का संचालन कर रहे लोगों को इस बारे में बोल भी दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ आमजन की प्रतिक्रिया भी आने लगी है। कानोंदा के निवासी सोनू ने कहा कि इस स्टेडियम में रोजाना बड़ी संख्या में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करने आते हैं। इसके अलावा सुबह शाम सैर करने वालों की तादाद अधिक है। अखाड़े के पहलवानों के कारण यहां सुरक्षा की दृष्टि से माहौल भी ठीक रहता है। साहिल ने कहा कि अमन की मौत ने सबको झकझोर दिया है। उसको न्याय मिलना चाहिए, लेकिन चर्चा है कि व्यायामशाला शिफ्ट होगी और स्टेडियम को आमजन के लिए बंद कर दिया जाएगा। युवा प्रतिभाओं की एक बड़ी तादाद इस स्टेडियम पर निर्भर है। यदि यह बंद हो जाएगा तो वे बच्चे कहां अभ्यास करेंगे।



बहादुरगढ़। छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दुर्गा शक्ति टीम ने जसोरखेड़ी स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सिपाही टीना ने किया, जिन्होंने आत्मरक्षा की आवश्यक तकनीकों की जानकारी दी।

उन्होंने छात्राओं को बताया कि आपात स्थिति में आत्मरक्षा कौशल जीवनरक्षक साबित हो सकते हैं। कार्यक्रम में अनजान व्यक्ति से वस्तु नहीं लेने, आसपास की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने और संदिग्ध मामलों की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को दुर्गा शक्ति ऐप, महिला हेल्प डेस्क, हेल्पलाइन और अन्य सुरक्षा सेवाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे किसी भी संकट की स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें।

## प्रदूषण के कारण लोगों की सेहत पर पड़ रहा दुष्प्रभाव

**» इलाके में औसतन एयर क्वालिटी इंडेक्स 332 दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सर्दी धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन दूसरी तरफ वायु गुणवत्ता में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। प्रदूषण की समस्या बरकरार है। शुक्रवार शाम भी इलाके में औसतन एयर क्वालिटी इंडेक्स 332 दर्ज किया गया। प्रदूषण के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

शहर में सड़कों से उठती धूल, वाहनों से निकलता धुआं, जगह जगह कचरे के ढेरों में लगी आग सहित कई वजह इस समस्या को गंभीर बना रहे हैं। हालांकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद द्वारा रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन आबोहवा में सुधार नहीं हो रहा। ठंड के बीच प्रदूषण के कारण बीमारियां भी बढ़ रही हैं। चिकित्सकों का कहना है कि लगातार खराब एयर क्वालिटी अस्थमा और हृदय रोगियों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। प्रदूषण के महीन कण सीधे फेफड़ों में पहुंचकर क्षति पहुंचाते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। चिकित्सकों ने लोगों को सुबह की वॉक और दौड़ से बचने की सलाह दी है। साथ ही बाहर निकलने पर मास्क लगाने, घर में एयर-फिल्टर या पौधे लगाने, पानी का सेवन बढ़ाने की भी सलाह दी है। बता दें कि तेज हवा चलने की स्थिति में वायु गुणवत्ता में सुधार हो सकता है, लेकिन वर्तमान माहौल चिंता का विषय बना हुआ है।

## छात्राओं ने कुरुक्षेत्र में पाया विज्ञान संस्कृति और इतिहास का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। शैक्षिक भ्रमण के तहत कुरुक्षेत्र पहुंची छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 11वीं व 12वीं विज्ञान संकाय की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के तहत कुरुक्षेत्र के पैनोरमा और साइंस सेंटर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को विज्ञान, इतिहास और संस्कृति का प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध कराना रहा।

साइंस सेंटर पहुंचने के बाद छात्राओं ने थ्री-डी मूवी के माध्यम से चंद्रमा के बनने की रोचक प्रक्रिया को समझा। मूवी में बताया गया कि कैसे करोड़ों वर्ष पूर्व पृथ्वी के निर्माण काल में घटित घटनाओं से चंद्रमा का निर्माण हुआ। दृश्यात्मक प्रस्तुति के माध्यम से छात्राओं ने वैज्ञानिक तथ्यों को गहराई से जाना। इसके बाद छात्राओं ने पैनोरमा के म्यूजियम का अवलोकन किया। यहां विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, ऐतिहासिक वस्तुएं तथा महाभारत से जुड़े प्रसंगों पर आधारित प्रदर्शनी को छात्राओं ने बड़े ध्यानपूर्वक देखा। म्यूजियम का पैनोरमा, कुरुक्षेत्र का इतिहास और महाभारत युद्ध के दृश्य छात्राओं के लिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र रहे।

भ्रमण के अगले चरण में छात्राओं को ब्रह्मसरोवर स्थित गीता महोत्सव मेले में ले जाया गया। यहां छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। इससे विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए जा रहे विषयों की वास्तविक अनुभव आधारित जानकारी मिलती है तथा उनके मानसिक विकास में सकारात्मक योगदान होता है।



बहादुरगढ़। व्यक्ति को मोबाइल सौंपता होमगार्ड जवान। फोटो : हरिभूमि

## खोया मोबाइल लौटाकर होमगार्ड ने दिखाई ईमानदारी

**बहादुरगढ़।** यातायात पुलिस में तैनात होमगार्ड जवान अमित कुमार ने ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति का गुम हुआ मोबाइल फोन लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। दरअसल, रोजाना की तरफ अमित कुमार शहर के एक प्रमुख चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान उन्हें सड़क किनारे एक मोबाइल फोन गिरा हुआ मिला। आसपास किसी को फोन तलाशते न देख उन्होंने फोन को अपने पास रख लिया। कुछ देर बाद एक व्यक्ति घबराया हुआ चौराहे पर पहुंचा और लोगों से अपने खोए हुए मोबाइल के बारे में पूछताछ करने लगा। फिर अमित ने उससे पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि वह बाजार में भीड़भाड़ के दौरान अपना फोन खो बैठा था। फोन में उसके जरूरी संपर्क और दस्तावेज़ मौजूद थे, जिस वजह से वह काफी परेशान था।


अमित कुमार ने आवश्यक पुष्टि करने के बाद मोबाइल फोन उसके मालिक को लौटा दिया। फोन मिलने पर वह व्यक्ति भावुक हो गया और अमित कुमार की ईमानदारी और सतर्कता की सराहना की। उसने झज्जर पुलिस और बहादुरगढ़ ट्रैफिक टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ और जिम्मेदार जवान ही पुलिस पर जनता का भरोसा बनाए रखते हैं।

## बंद कमरे में जानलेवा साबित हो जाती है अंगीठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

धीरे-धीरे ठंड बढ़ रही है। आगामी कुछ दिनों में तापमान और नीचे जाएगा, जिसके बाद ठंड चरम पर पहुंच जाएगी। ऐसे में लोग अपने घरों और कार्यस्थलों पर ठंड से राहत पाने के लिए अंगीठी और अलाव का सहारा लेंगे। यह उपाय शरीर को गर्माहट तो देते हैं, लेकिन जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है।

ठंड से बचने के घरेलू साधन कोयला, लकड़ी या अन्य ईंधन से जलने वाली अंगीठी, बंद कमरों में सबसे खतरनाक साबित होती है। कई बार लोग रात के समय कमरे बंद कर सो जाते हैं और अंगीठी जलती हुई छोड़ देते हैं। अंगीठी से उठता धुआं और कार्बन मोनोऑक्साइड गैस कमरे में भरने लगती है, जिसका पता किसी को नहीं चलता।



यह जहरीली गैस धीरे-धीरे शरीर में पहुंचकर दम घोंटना शुरू कर देती है और हादसा हो जाता है। बहादुरगढ़ इलाके में इस लापरवाही के चलते कई हादसे हो चुके हैं। वर्ष 2022 में कसार में तीन प्रवासी युवकों की दम घुटने से मौत हुई थी। वर्ष 2021 में लाइनपार में एक युवक की जान गई। वहीं 2023 में गणपति धाम परिसर में भी हादसे में बच्ची की जान चली गई थी। इनके अलावा कई और हादसों में भी लोगों की जान गई है। तमाम हादसों में बंद कमरे में अंगीठी या अलाव जलता छोड़ा गया था। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कोयले की अंगीठी के जलने पर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बनती है, जो रंगहीन और गंधहीन होती है।

यही कारण है कि लोगों को इसका अहसास नहीं होता। बंद कमरे में जब ऑक्सीजन का स्तर कम होता जाता है, वहीं यह गैस शरीर पर असर डालती है और दम घुटने जैसी स्थिति बन जाती है। इसलिए अंगीठी या अलाव हमेशा खुले स्थान पर ही जलाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## परिषद में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में संगठन मंत्री जैन के साथ परिषद के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने कहा कि परिषद संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के सिद्धांतों पर समाज निर्माण का कार्य कर रही है। उन्होंने शाखाओं से अपील की कि सेवा व संस्कार आधारित गतिविधियों के साथ महिला सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जैन यहां बहादुरगढ़ शाखा व विवेकानंद शाखा के प्रवास पर थे।

सेक्टर-6 स्थित डीएवी स्कूल परिसर में आयोजित बैठक में दोनों शाखाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल, प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी, जिला समन्वयक सतीश शर्मा व शाखा संरक्षक पवन जैन मौजूद रहे। अपने संबोधन में जैन ने कहा कि शाखाएं सेवा, समाजिक संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अनिवार्य है, इसलिए परिषद में उनकी भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल ने कहा कि शाखाएं समाज में अधिक से अधिक सक्रिय कार्य कर संस्कारों का वातावरण तैयार करें।

अंत में शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता और मुरारीलाल गोयल ने उपस्थित सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम में शाखा सचिव विजय पुन्हानी, नीरज गर्ग, हरीश बजाज, डॉ. कुलदीप जून, सुनील बंसल, दीपेश राठी, राजेश गुप्ता, सुशील अग्रवाल, सुभद्रा, पूजा सिंघल, गजानंद गर्ग, महेश पाराशर, अश्वनी शर्मा, मुकेश शर्मा, दीपक, मुकेश बंसल, चंचल गर्ग, हरेंद्र, अतिन, राजबीर बंसल, संजय गर्ग, महेंद्र अग्रवाल, संदीप चुघ आदि उपस्थित रहे।

## कवियों ने अपनी रचनाओं से दी साहित्यकार बंसल को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा के विख्यात साहित्यकार स्व. महेश प्रसाद बंसल की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की जिला इकाई द्वारा बैंक कॉलोनी में भव्य काव्योत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचसीएस अधिकारी प्रदीप कौशिक मौजूद रहे। परिषद् के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि संचालन लोक कवि जगबीर कौशिक ने किया।

सुनीता की सरस्वती वंदना से आरंभ हुए इस आयोजन का संयोजन गीतकार कृष्ण गोपाल विद्यार्थी ने निभाया। उन्होंने स्व. महेश बंसल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए उनसे जुड़े प्रेरक संस्मरण साझा किए। मुख्य अतिथि प्रदीप कौशिक ने परिषद् की सक्रियता और साहित्यिक योगदान की सराहना की।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में माजूद एचसीएस प्रदीप कौशिक व अन्य रचनाकार। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि सामाजिक विसंगतियों को दूर करने और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महेश बंसल का योगदान अविस्मरणीय है। उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। काव्योत्सव में डॉ. मंजू दलाल, शिव ओम शिव, मनजीत भारतीय, अनिल भारतीय गुमनाम, सुदेश संदूजा, मोहित कौशिक और सुशील ठाकुर सहित अन्य कवियों ने अपनी प्रभावी और भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।




झज्जर। मृदा दिवस के उपलक्ष्य में बनाया गया रंगोली रेखाचित्र। फोटो : हरिभूमि

#### रेखा चित्र के माध्यम से दिया मृदा सरंक्षण का संदेश

झज्जर। एलए स्कूल में शुक्रवार को विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने एक विशाल रंगोली रेखाचित्र बना कर स्वस्थ धरा, हर खेत हरा का संदेश दिया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि विश्वभर में 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। इस दौरान स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया ने विद्यार्थियों को मृदा संरक्षण बारे जानकारी दी। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, अमित लोहचब सहित अन्य भी उपस्थित रहे।